# फ्लैट फैक्टरी कॉन्सेप्ट अपनाकर स्टार्टअप चलाएं युवा उद्यमी


## यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी का आह्वान

### कम किराये पर लें औद्योगिक इकाई

INVEST UP

Investment Promotion & Facilitation Agency of Govt. of Uttar Pradesh

अमर उजाला ब्यूरो



लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ (आईएएस ) मयूर माहेश्वरी ने कहा कि सरकार ने युवा उद्यमियों को स्टार्टअप लगाने के लिए फ्लैट फैक्टरी कॉन्सेप्ट के आधार पर उद्योग लगाने की सुविधा दी है। उद्यमी फ्लैट फैक्टरी कॉन्सेप्ट के तहत नोएडा क्षेत्र में किसी औद्योगिक इकाई को किराए पर लेकर स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं। इससे युवा उद्यमियों का औद्योगिक इकाई को लगाने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने वाला खर्च बच सकेगा।

अमर उजाला संवाद पैनल डिस्कशन के ''उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास की रणनीति'' विषय पर मयूर माहेश्वरी ने कहा कि यूपी में अब काम करने का माहौल बदला है। औद्योगिक इकाइयों में महिलाओं के काम की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। इसकी वजह है महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था पहले से बेहतर होना। उन्होंने कहा कि देश में जितने बड़े ब्रांड हैं, उनका हरदोई के औद्योगिक क्षेत्र संडीला में उत्पादन हो रहा है। जिन उद्यमियों को तीन साल पहले भूखंड आवंटन हुआ था, वहां उत्पादन शुरु हो चुका है।

मयूर माहेश्वरी ने बांदा, हमीरपुर जैसी पिछड़े क्षेत्रों में ड्रग्स पार्क तैयार होंगे, जिससे रोजगार बड़े अवसर मिलेंगे। उन्होंने पर्यटन को धर्म से जोड़ते हुए कहा कि अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित कर रहे। इसमें औद्योगिक इकाई से लेकर घरों तक सोलर की बिजली आपूर्ति होगी।